RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 11 मार्च 2024 | वर्ष 05 | अंक 319 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## डोंबिवली में बीजेपी के कमल निशान पर कालिख, दो गिरफ्तार



**डोंबिवली** - भारतीय जनता पार्टी के डोंबिवली पश्चिम मंडल के कार्यकर्ताओं ने विष्णुनगर पुलिस द्वारा क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कोपर क्षेत्र में दीवारों और सार्वजनिक स्थानों पर चित्रित कमल के निशान पर कालिख पोतने वाले सम्राट मगरे, विशाल कोकाटे को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने यह कृत्य घरिया नाम की इस्मा के कहने पर किया था. इसलिए पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। भाजपा केंद्रीय कार्यालय ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का प्रचार अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं. इस आदेश के अनुसार, भाजपा डोंबिवली पश्चिम मंडल अध्यक्ष समीर चिटनीस, कोपर वार्ड अध्यक्ष ऋषभ ठाकर और उनके सहयोगियों ने एक बार फिर कोपर क्षेत्र में सार्वजनिक दीवारों, सोसायटी की दीवारों, नगरपालिका भवनों की संरक्षित दीवारों पर मोदी सरकार और भाजपा के प्रतीक कमल के नारे को चित्रित किया। शिव सेना का गढ़. पिछले सप्ताह से, भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोपर वार्ड में 50 से अधिक कमल के निशान को चित्रित किया है।

कोपर बीजेपी अध्यक्ष ठक्कर को कोपर इलाके में बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा बनाए गए कमल के निशान पर काले निशान दिखे. उन्होंने इसकी जानकारी मंडल अध्यक्ष चिटनिस को दी। चिटनीस ने यह बात लोक निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण को बताई।

# महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका

## विधायक रविंद्र वायकर एकनाथ शिंदे गुट में शामिल

**मुंबईः** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है. जोगेश्वरी ईस्ट से विधायक और उद्धव ठाकरे गुट के नेता रविंद्र वायकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले गुट यानी शिवसेना में शामिल हो गए हैं. जोगेश्वरी ईस्ट विधायक का नाम एक जमीन घोटाले में सामने आया था और ईडी इसकी जांच कर रही है. रविंद्र वायकर ने रविवार शाम को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना ज्वाइन किए. शनिवार को जब उद्धव ठाकरे उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर थे तब वायकर ने उद्धव का स्वागत किया था, लेकिन अब उनका शिवसेना यूबीटी से मोह भंग होता हुआ दिख रहा है.



**रविंद्र वायकर पर क्या है आरोप?**

जोगेश्वरी के वेरावली गांव में एक जमीन के दुरुपयोग करने और उस पर फाइव स्टार होटल के निर्माण करने के मामले में रविंद्र वायकर का नाम भी सामने आ चुका है. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया ने इस जमीन को लेकर 500 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाए हैं. सोमैया ने इस मामले की जांच के लिए ईडी के समक्ष शिकायत की थी. उसी शिकायत के आधार पर ईडी की टीम मामले की गहन छानबीन कर रही है. रविंद्र वायकर के झटके के बीच उद्धव ठाकरे गुट में डबल महाराष्ट्र केसरी चंद्रहार पाटिल के रूप में एक बड़े चेहरे की एंट्री भी हो सकती है. इस चेहरे का राजनीति से अभी तक तो कोई नाता नहीं रहा है, लेकिन अब कयासों का बाजार गर्म हो गया है. जानकारी के मुताबिक, चंद्रहार पाटिल और उद्धव ठाकरे के बीच डील डन हो गई है बस ऐलान ही बाकी है.

**सोमवार शाम को उद्धव गुट में हो सकते हैं शामिल**

चर्चा है कि चंद्रहार पाटिल सोमवार शाम को आधिकारिक रूप से उद्धव ठाकरे गुट में शामिल हो सकते हैं. वो मातोश्री पर एक कार्यक्रम में शिवसेना यूबीटी का दामन थाम सकते हैं. खबर है कि उद्धव ठाकरे चंद्रहार पाटिल को सांगली लोकसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर सकते हैं. महाराष्ट्र में चंद्रहार पाटिल की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है.

## नवी मुंबई के बिल्डर से 60 लाख की ठगी !




**मुंबईः** पुलिस के अनुसार, नवी मुंबई का एक बिल्डर एक साइबर जालसाज का शिकार हो गया, जिसने उसका रूप धारण किया और उसके कार्यालय से 60.6 लाख रुपये ठगने में कामयाब रहा।घटना तब सामने आई जब बिल्डर ने शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।6 मार्च को बिल्डर के ऑफिस में एक फोन आया, जहां फोन करने वाले ने खुद को बिल्डर बताया। इसके बाद जालसाज ने अकाउंटेंट का फोन नंबर प्राप्त किया और व्हाट्सएप पर एक संदेश भेजा।खुद को बिल्डर बताते हुए जालसाज ने अकाउंटेंट को बैंक विवरण मुहैया कराया और रकम ट्रांसफर करने का निर्देश दिया। बिल्डर से निर्देशों की पुष्टि किए बिना अकाउंटेंट ने पैसे ट्रांसफर कर दिए।फिलहाल साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है.

## मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा से उद्धव ने घोषित किया प्रत्याशी

# भड़के कांग्रेस नेता संजय निरुपम...

**मुंबई:** महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी में सब कुछ ठीक नहीं है। दरअसल शिवसेना ने मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से शनिवार को अमोल कीर्तिकर को अपना उम्मीदवार घोषित किया। इसको लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय निरुपम भड़क गए।

**अमोल कीर्तिकर को मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से घोषित किया प्रत्याशी**

संजय निरुपम ने शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा अमोल कीर्तिकर को उम्मीदवार घोषित किए जाने पर सवाल उठाए हैं। संजय निरुपम ने कहा कि शिवसेना ने उत्तर पश्चिम सीट से उम्मीदवार घोषित कर दिया जबकि अभी तक सीट शेयरिंग पर फैसला नहीं हुआ है। संजय निरुपम ने कहा कि 8 से 9 सीटें पेंडिंग है और उसमें से एक सीट यह भी है। यह गठबंधन धर्म का उल्लंघन है। संजय निरुपम यहीं नहीं रुके। उन्होंने उद्धव




ठाकरे के उम्मीदवार पर कई आरोप भी लगाए। संजय निरुपम ने कहा, ''कांग्रेस को नीचा दिखाने के लिए ऐसी हरकत जानबूझकर की जा रही है।उद्धव ठाकरे ने जिस उम्मीदवार का नाम प्रस्तावित किया है वह कौन है? वह खिचड़ी स्कैम का घोटालेबाज है। उसने खिचड़ी सप्लायर से चेक में रिश्वत ली है।''

संजय निरुपम ने कहा, ''कोविड के समय में प्रवासी मजदूरों को बीएमसी की तरफ से मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया गया था। यह एक सराहनीय कार्यक्रम था लेकिन गरीबों के खाने में से भी शिवसेना के उम्मीदवार ने कमीशन खाया है और ईडी मामले की जांच कर रही है। क्या ऐसे घोटालेबाज उम्मीदवार के लिए कांग्रेस और शिवसेना के कार्यकर्ता प्रचार करेंगे? दोनों पार्टी के नेतृत्व से मेरा यह सवाल है।''

**अमोल कीर्तिकर के पिता गजानन कीर्तिकर मौजूदा सांसद**

बता दें कि उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से अमोल कीर्तिकर के पिता गजानन कीर्तिकर मौजूदा सांसद हैं। गजानन कीर्तिकर इस वक्त महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना में हैं।2019 के लोकसभा चुनाव में संजय निरुपम ने उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था और उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। शिवसेना उम्मीदवार गजानन कीर्तिकर ने संजय निरुपम को 2,60,000 से अधिक वोटों से हराया था।

## कलवा में चोर ! पुलिस अधिकारी की बाइक चोरी हो गई



**ठाणेः** मुंबई पुलिस बल में कार्यरत एक पुलिस अधिकारी की कलवा में सड़क किनारे बाइक चोरी हो गई. इस संबंध में कलवा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. पिछले कुछ सालों में शहर में सड़क पर खड़े वाहनों की चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं।

पुलिस अधिकारी कलवा के पारसिक नगर इलाके में रहते हैं. वह मुंबई पुलिस बल में सहायक फौजदार के पद पर कार्यरत हैं। शुक्रवार की रात उन्होंने अपने आवासीय क्षेत्र में सार्वजनिक सड़क पर अपनी बाइक खड़ी की थी। इसके बाद वे घर चले गये. शनिवार सुबह वह अपनी बाइक धोने के लिए बिल्डिंग के नीचे गया। उस वक्त उन्हें सड़क पर बाइक खड़ी नहीं मिली. उन्होंने ट्रैफिक कंट्रोल रूम से संपर्क किया। कंट्रोल रूम ने भी उसकी बाइक पर कार्रवाई नहीं की थी। जब उन्हें एहसास हुआ कि उनकी बाइक चोरी हो गई है तो उन्होंने कलवा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## अवसर व जोखिम

फिक्की-ईवाई की मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र पर जारी नवीनतम रिपोर्ट में कई दिलचस्प अवलोकन, डेटा बिंदु और रुझान सामने आए हैं जो इस क्षेत्र के उद्यमों के लिए इस बात में मददगार हो सकते हैं कि वे प्रासंगिक बने रहने के लिए अनुकूलन के कुछ कदम उठाएं या कुछ नया करें। इस रिपोर्ट के अहम आंकड़ों से यह पता चलता है कि यह क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है और साल 2023 में 8 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि के साथ इसका आकार 2.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वैसे तो इस उद्योग का आकार अब महामारी से पहले के दौर की तुलना में करीब 21 फीसदी ज्यादा हो चुका है, लेकिन इसके सभी घटकों में एक समान गति से बढ़त नहीं हो रही। उदाहरण के लिए टेलीविजन, प्रिंट और रेडियो सेगमेंट का आकार अभी भी महामारी के पहले वाले दौर से कम है। इस प्रकार यह क्षेत्र मुख्यतः डिजिटल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और फिल्मी मनोरंजन के दम पर आगे बढ़ रहा है। यही नहीं, भविष्य के अनुमान (2023-26) भी यह संकेत देते हैं कि ऑनलाइन गेमिंग, डिजिटल मीडिया, एनिमेशन और संगीत ही इस उद्योग के लिए राजस्व के मुख्य वाहक होंगे। यह रुझान निश्चित रूप से भारत में उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं और इंटरनेट की बढ़ती पैठ का प्रतिबिंब है। जैसा कि रिपोर्ट में बताया गया है, दिसंबर 2023 तक देश में इंटरनेट की पहुंच 8 फीसदी बढ़कर 93.8 करोड़ सबस्क्राइबर तक हो गई है। साल 2023 में भारतीयों ने हर दिन करीब 4.8 घंटे फोन देखते या इस्तेमाल करते हुए गुजारे। इसके अलावा, उन्होंने इस समय का करीब 50 फीसदी हिस्सा सोशल मीडिया पर और 28 फीसदी हिस्सा मनोरंजन और खबरों पर बिताया।

इस रिपोर्ट का सबसे उल्लेखनीय बिंदु है भारत में ऑनलाइन गेमिंग का उभार और अपनाया जाना। आंकड़ों के मुताबिक साल 2023 में ऑनलाइन गेमिंग में करीब 22 फीसदी की बढ़त हुई और यह फिल्मी मनोरंजन को पीछे छोड़ते हुए इस उद्योग का चौथा सबसे बड़ा घटक बन गया। अनुमान के मुताबिक देश में ऑनलाइन गेमर की संख्या 45 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है और इस सेगमेंट के राजस्व का 83 फीसदी हिस्सा पैसे से जुड़े गेमिंग से आता है। ऑनलाइन गेमिंग पर माल एवं सेवा कर बढ़ाने का भी कोई बड़ा असर नहीं हुआ है। लेकिन भारत में मीडिया और मनोरंजन कारोबार के बढ़ते जाने के बावजूद विकसित देशों की तुलना में विज्ञापन राजस्व काफी कम है। भारत में विज्ञापन राजस्व सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में करीब 0.33 फीसदी ही है, जबकि बड़े विकसित देशों में यह 0.6 से 1 फीसदी तक होता है। इसके अलावा इस उद्योग के राजस्व का मुख्य वाहक अब न्यू एज मीडिया बन गई है जो एक साथ ही अवसर और चुनौतियां दोनों पैदा करती है। ऑनलाइन सामग्री के उपभोग बढ़ते जाने की वजह से इस माध्यम में ज्यादा विज्ञापन जाने लगे हैं। यह छोटे कारोबारियों को भी अपने लक्षित वर्ग तक पहुंच बनाने में मदद करता है। अनुमान के मुताबिक साल 2023 में देश के करीब 10 लाख छोटे कारोबारियों ने डिजिटल विज्ञापन पर करीब 20,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह रुझान बताता है कि इस उद्योग में जो अतिरिक्त राजस्व आएगा वह बड़ी प्रौद्योगिकी फर्मों के खाते में चला जाएगा।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok
#faisalrokthok




# शिवाजी पार्क में भारत जोड़ो न्याय यात्रा रैली होगी ऐतिहासिक - नसीम खान

## इंडिया गठबंधन की 17 मार्च की रैली की तैयारी के लिए कांग्रेस की बैठक

**मुंबई :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में शुरू भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समापन दादर के शिवाजी पार्क में होने वाला है.यात्रा के समापन की तैयारी को लेकर प्रदेश कांग्रेस की तरफ से इंडिया गठबंधन की एक समन्वय समिति का गठन किया गया है.बैठक की समन्वय समिति के सदस्य और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीम खान ने कहा कि मुंबई में राहुल गांधी का भव्य स्वागत करने के अलावा, कांग्रेस पार्टी शिवाजी पार्क में आयोजित रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयार है नसीम खान ने बताया कि शिवाजी पार्क में होने वाली इंडिया गठबंधन रैली की तैयारी को लेकर रविवार को तिलक भवन में बैठक आयोजित की गई इस बैठक में कोंकण विभाग



के सभी जिला अध्यक्षों और क्षेत्रीय पदाधिकारियों को बुलाया गया था. जिसमे मुंबई में राहुल गांधी के स्वागत पर चर्चा हुई.नसीम खान ने बताया की शिवाजी पार्क में आयोजित इंडिया गठबंधन की रैली में लोकसभा चुनाव अभियान शुरू किया जाएगा. इस रैली में इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दलों के प्रमुख नेता शामिल होंगे. राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को महाराष्ट्र ने अभूतपूर्व समर्थन मिला है नसीम खान ने विश्वास जताया है कि न्याय यात्रा और शिवाजी पार्क में होने वाली सभा को भी भारी जनसमर्थन मिलेगा. इस बैठक में सांसद चंद्रकांत हंडोरे , अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव एवं सह प्रभारी सोनल पटेल , आशीष दुआ , प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन नाना गावंडे , कोषाध्यक्ष डॉ. अमरजीत मन्हास , मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंढे , प्रदेश महासचिव प्रमोद मोरे , राजेश शर्मा , राजन भोसले , मुजफ्फर हुसैन , जोजो थॉमस , बृज दत्त , भावना जैन , श्रीरंग बर्गे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आरोपों में घिरी मनपा ने वीजेटीआई से मांगी सलाह

## अंधेरी स्थित गोखले ब्रिज और बर्फी वाला ब्रिज को बिना तोड़े कैसे जोड़े

**मुंबई :** अंधेरी स्थित गोखले ब्रिज का एक ओर का मार्ग शुरू करने के बाद बफ्ते वाला बिज से नहीं जोड़े जाने से मनपा की जमकर छीछालेदर हुई। रिकार्ड समय में गोखले ब्रिज का निर्माण करने वाली मनपा के लिए बर्फी वाला ब्रिज से नहीं जोड़े जाने से मनपा की परेशानी बढ़ गई है। मनपा ने इस समस्या से निपटने के लिए वी जे टी आई से सलाह मांगी है। ब्रिज को तोड़े बिना किस तरह जोड़ा जा सके, जिससे वाहन चालकों की परेशानियां दूर हो और दोनों ब्रिज का उपयोग



किया जा सके। बता दें कि बर्फी वाला ब्रिज लगभग वर्ष 2008 में बनकर पुराने गोखले ब्रिज से इसका उपयोग किया जा रहा था। अब गोखले ब्रिज को तोड़कर नया हुए निर्माण में अंधरी स्टेशन के पास ब्रिज की ऊंचाई रेलवे द्वारा बढ़ाए जाने के कारण ब्रिज की ऊंचाई लगभग 2,57 मीटर बढ़ गई, जिससे गोखले ब्रिज और बर्फी वाला ब्रिज में लगभग 2,73 मीटर ऊंचाई का अंतर हो गया है। मनपा प्रशासन ने वी जे टी आई को पत्र लिखकर दोनों ब्रिज को बिना तोड़े किस तरह वाहन चालको को उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जा सके इसको लेकर सलाह मांगी है। मनपा ने वी जे टी आई को लिखे पत्र में अपनी सलाह जल्द जल्द से देने को कहा । है, जिससे गोखले ब्रिज के दूसरे हिस्से को शुरू किए जाने तक बफी वाला ब्रिज का भी उपयोग हो सके।

# मुंबई के पास मीरा रोड स्टेशन पर टला बड़ा हादसा...



**मुंबई :** मीरा रोड स्टेशन पर तेज रफ्तार एक्सप्रेस ट्रेन गुजरने के दौरान ट्रैक हुआ टेढ़ा. समय रहते वहां काम कर रहे कर्मचारियों की नजर पड़ी और वहां से गुजरने वाली लोकल ट्रेन को बहुत ही धीमी गति से उस ट्रैक से निकाला गया और बड़ा हादसा टल गया.

# मुंबई को जल्द मिलेगा नया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**मुंबईः** दक्षिण मुंबई महाराष्ट्र तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण (एमसीजेडएमए) द्वारा अनुमोदित समुद्र के किनारे एक अत्याधुनिक खेल परिसर का स्वागत करने के लिए तैयार है। कफ परेड में खेल परिसर का निर्माण होना तय है। ■7 करोड़ की लागत वाले तालुका स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में फुटबॉल, बास्केटबॉल और वॉलीबॉल कोर्ट के साथ-साथ एक बहुक्रियाशील मैदान होगा जिसमें फ्लडलाइट, एक जॉगिंग ट्रैक और एक कैफेटेरिया होगा। आस-पास की मलिन बस्तियों और ऊंची इमारतों दोनों के बच्चों के लिए पहुंच योग्य, आसान पहुंच की सुविधा के लिए नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) को कफ परेड से जोड़ने के लिए एक पुल बनाने की योजना पर काम चल रहा है।



कोलाबा विधायक और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नारवेकर ने कथित तौर पर खुलासा किया कि यह परिसर कफ परेड में बैकबे रिक्लेमेशन स्कीम नंबर तीन में बे व्यू गार्डन में स्थित होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, नार्वेकर ने कहा कि अधिकारियों के पास सभी स्वीकृतियां हैं और उन्होंने पहले ही परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। राज्य खेल विभाग के प्रस्ताव में प्लॉट के आयामों की रूपरेखा दी गई है, जिसमें दो फुटबॉल कोर्ट जैसी मौजूदा सुविधाएं और बास्केटबॉल कोर्ट, ओपन जिम और योग केंद्र जैसी अतिरिक्त सुविधाओं की योजना शामिल है।

समावेशिता पर जोर देते हुए, विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि कफ परेड और कोलाबा में मच्छीमागर नगर, गीता नगर और गणेश मूर्ति नगर जैसी झुग्गी बस्तियों की उपस्थिति को संबोधित करते हुए, यह परिसर मलिन बस्तियों और ऊंची इमारतों दोनों के बच्चों की जरूरतों को पूरा करेगा। प्रस्ताव का समर्थन करते समय, एमसीजेडएमए ने नियमों का अनुपालन अनिवार्य कर दिया, जिसमें कहा गया कि तटीय नियामक क्षेत्र मानदंडों के अनुसार, निर्माण भूखंड क्षेत्र के 15% से अधिक नहीं होना चाहिए। इसने दोहराया कि क्षेत्र को आवासीय या व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाते हुए नागरिक सुविधाओं के लिए नामित किया जाना चाहिए। पहुंच बढ़ाने के लिए, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने एनसीपीए से कफ परेड तक एक पुल बनाने की योजना बनाई है। हालाँकि, संभावित निजीकरण और परिसर तक प्रतिबंधित पहुंच के बारे में खेल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने चिंता जताई है। पिछले उदाहरणों का हवाला देते हुए जहां सरकारी स्वामित्व वाली खेल सुविधाएं निजी संस्थाओं को सौंप दी गईं, उन्होंने सार्वजनिक स्वामित्व बनाए रखने और प्रस्तावित परिसर तक अप्रतिबंधित पहुंच के महत्व पर जोर दिया, खासकर हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए।




# महिला को प्रताड़ित करने के आरोप में पति, तीन रिश्तेदारों पर मामला दर्ज...




**ठाणे :** ठाणे जिले में पुलिस ने एक महिला को प्रताड़ित करने के आरोप में चेन्नई निवासी उसके पति और परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह मामला ठाणे जिले में कल्याण के खडकपाडा पुलिस थाने में दर्ज किया गया है। महिला ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में कहा है कि नवंबर 2020 में उसकी शादी दक्षिणमूर्ति राममूर्ति के साथ हुई थी। शुरूआत में सब कुछ ठीक था, लेकिन बाद में सास-ससुर ने उसे मामूली बातों पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उन्होंने उसके मायके के लोगों से 50 लाख रुपये और सोने की एक अंगूठी की भी मांग की। महिला ने जब मांगें पूरी करने में असमर्थता जताई तो उन्होंने उसे कल्याण स्थित उसके मायके में छोड़ दिया। शिकायत में कहा गया है कि पिछले दो साल से 40 वर्षीय महिला अपनी मां के साथ रह रही है क्योंकि उसका पति और उसके परिवार के लोग उसे अपने घर नहीं ले जा रहे हैं।

# मुंबई में रेलवे स्टेशन पर बीमार व्यक्ति को समय पर मदद न मिलने से हुई मौत... दो पुलिसकर्मी निलंबित !

**मुंबई :** मुंबई में एक रेलवे स्टेशन पर 47 वर्षीय एक यात्री को चिकित्सा सहायता नहीं मिलने पर उसकी मौत हो गई, जिसके आरोप दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति के गिरने के बाद दो पुलिस कर्मियों ने उसे ट्रेन के सामान के डिब्बे में डाल दिया, जहां बाद में वह मृत पाया गया। अधिकारी ने बताया कि मृतक अलाउद्दीन मुज्जाहिद 14 फरवरी को सेवरी से एक ट्रेन में सवार हुआ और मस्जिद इलाके में अपने कार्यस्थल जाने के लिए रे रोड स्टेशन पर उतरा, जहां वह एक दुकान में काम करता था। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, व्यक्ति थोड़ा असहज महसूस कर रहा था और उसे रे रोड स्टेशन के प्लेटफॉर्म



नंबर 2 पर एक बेंच पर बैठे देखा गया था। अधिकारी ने बताया कि बाद में वह अचानक नीचे गिर गया। कुछ देर बाद थाने पर ड्यूटी पर तैनात दो पुलिसकर्मी मुजाहिद का चेकअप करते नजर आए। उन्होंने बताया कि उन्हें लगा कि वह नशे का आदी है और उन्हें लोकल ट्रेन के लगेज कंपार्टमेंट में डाल दिया।

**ट्रेन की डिब्बे में मृत मिला शख्स**

अधिकारी ने बताया कि रेलवे पुलिस के नियमित निरीक्षण के दौरान अगले दिन गोरेगांव स्टेशन पर ट्रेन के सामान डिब्बे में व्यक्ति मृत पाया गया था। शुरूआत में बोरीवली रेलवे पुलिस में दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज कराई गई और उन्होंने जांच शुरू कर दी।

गोरेगांव स्टेशन (पश्चिमी उपनगर) से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस तक लगभग 100 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को देखने के बाद, पुलिस ने पाया कि वह व्यक्ति रे रोड स्टेशन पर गिर गया था। अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी में रेलवे पुलिस के कांस्टेबल विजय खांडेकर और महाराष्ट्र सुरक्षा बल के पुलिसकर्मी महेश अंडाले चिकित्सा सहायता देने के बजाय व्यक्ति को उठाते और ट्रेन के सामान के डिब्बे में डालते नजर आए।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद निलंबित**

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, व्यक्ति की ब्रेन हेमरेज से मृत्यु हो गई। अधिकारी ने बताया कि उनके परिवार में पत्नी और 19 साल का बेटा है, जो शिवड़ी इलाके में रहते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस यदि उस व्यक्ति को समय रहते चिकित्सा सुविधा दे देते, तो उसकी जान बच सकती थी।

## महायुति की सोमवार को फिर होगी बैठक, शिंदे को मिल सकती है दोहरे अंक में सीटें



**मुंबई:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार से मुलाकात के बाद भी महायुति में सीट बंटवारे पर गतिरोध जारी है, सभी नेताओं के मार्च में एक बार फिर मिलने की संभावना है। 11 को दूसरे दौर की बातचीत के लिए.नवीनतम चर्चा में, पार्टी सूत्रों ने कहा कि शिंदे को फेस सेवर और दोहरे अंक वाली सीटें मिल सकती हैं।

# पंकजा मुंडे बीड लोकसभा सीट से लड़ेंगी! जनता से की ये भावुक अपील...

**मुंबई :** देश में लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों शोरों से चल रही है। राजनीतिक दलों के बीच गठबंधन और सीट-बंटवारे को लेकर बैठकों का दौर चल रहा। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूचि भी जारी कर दी है। हालांकि, महाराष्ट्र की किसी भी सीट पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की गई है। इसी बीच अब पंकजा मुंडे ने बीड से उम्मीदवारी मिलने की संभावना जताई है। पंकजा मुंडे, प्रीतम मुंडे आज बीड जिले के शिरूर में सिद्धेश्वर देवस्थान संस्थान के हरिनाम सप्ताह के समापन समारोह में शामिल हुईं। इस मौके पर



बोलते हुए पंकजा मुंडे ने जनता से भावुक अपील की।

पंकजा ने कहा, मैं वर्तमान में पूर्व (पूर्व पालकमंत्री और ग्रामविकास मंत्री) हूं और मैं आपको क्या दे सकती हूं? यह प्रश्न मुझे पड़ रहा है।

मंच पर बैठे सुरेश धस, बालासाहेब अजबे, प्रीतम मुंडे शासक हैं। इसलिए इसलिए आप लोकसभा चुनाव में मेरा ख्याल रखें और मैं आगे आपका ख्याल रखूंगी। मुंडे ने कहा, मुझे पूर्व किसने बनाया? यह अभी नहीं कहा जा सकता। क्योंकि सभी लोग एक साथ आए हैं। लेकिन जब मेरी संपत्ति पर छापा पड़ा तो मुझसे प्यार करने वाले लोगों ने 11 करोड़ रुपये इकट्ठा किए। यह लोगों से मेरा रिश्ता है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार वर्तमान में तीन इंजनों से जुड़ी हुई है। कुछ समय के लिए ये इंजन एक-दूसरे से भिड़े थे। लेकिन अब वे सही ट्रैक पर चल रहे हैं।

# मुंबई में नौसेना कर्मी से धोखाधड़ी... रेटिंग देककर अतिरिक्त पैसे कमाने का मौका

**मुंबई :** क्राइम ब्रांच की दक्षिण साइबर सेल ने ऑनलाइन नौकरी घोटाले के जरिए कोलाबा के 30 वर्षीय नौसेना कर्मी से 27.8 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में उल्हासनगर के 34 वर्षीय निवासी संतसोह बुकरे को गिरफ्तार किया। पीड़िता को पिछले साल 21 अक्टूबर को वैदेही नाम के एक प्रेषक से एक टेलीग्राम संदेश मिला, जिसमें अंशकालिक नौकरी की पेशकश की गई थी। होटलों की रेटिंग जैसे कार्यों में जुड़कर, शिकायतकर्ता ने शुरूआत में 959 रुपये कमाए। इसके बाद, वह एक टेलीग्राम ग्रुप में शामिल हो गए जहां उन्हें अधिक लाभ के लिए प्रीपेड कार्य करने का निर्देश दिया गया, जिससे कुल 83,448 रुपये प्राप्त हुए।




जैसे ही पीड़ित ने अपनी कमाई निकालने का प्रयास किया, उसे कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उसे आरोपी की सहायता लेनी पड़ी। हालांकि, जालसाज ने धोखे का खुलासा करते हुए निवेश और कमाई की वापसी के लिए कुल राशि का 50% मांगा। इसके बाद ठगे गए नौसेना कर्मी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मामले की जांच करते हुए, अधिकारियों को पता चला कि बुकेरे के बैंक खाते का उपयोग धोखाधड़ी वाले लेनदेन में किया गया था, जिसमें 15 लाख रुपये उसके खाते में स्थानांतरित किए गए थे।

# मुंबई की महिला से बलात्कार के आरोप में ओझा गिरफ्तार

**अंबेडकर नगर:** अंबेडकर नगर पुलिस ने 50 वर्षीय मोहम्मद अशरफ को मुंबई की एक महिला के साथ बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जब उसने ''आध्यात्मिक उपचार'' के लिए उससे संपर्क किया था। बलात्कार पीड़िता को कथित तौर पर आरोपियों ने आध्यात्मिक उपचार की पेशकश के बहाने एक गेस्ट हाउस में बंधक बनाकर रखा था घटना तब सामने आई जब महिला के परिवार ने उसकी लंबे समय तक अनुपस्थिति से चिंतित होकर हस्तक्षेप किया और जबरन गेस्ट हाउस के कमरे में प्रवेश



किया। आरोपी मौके से भाग गया लेकिन शनिवार को शिकायतकर्ता द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बसखारी थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि बसखारी अंतर्गत किछौछा स्थित गेस्ट हाउस में महाराष्ट्र से एक परिवार पहुंचा। एक व्यक्ति, उसकी मां और पत्नी आरोपी से आध्यात्मिक सहायता मांगने के लिए गेस्ट हाउस गए थे। ''गेस्ट हाउस पहुंचने पर, उनका सामना किछौछा निवासी आरोपी सैयद मोहम्मद अशरफ से हुआ। अशरफ ने कथित तौर पर उस व्यक्ति की पत्नी के लिए 'दुआ-तावीज' करने की पेशकश की, और उन्हें उसके बेहतर स्वास्थ्य का आश्वासन दिया। इसके बाद, वह उन सभी को अन्य अनुष्ठानों के लिए गेस्ट हाउस के एक कमरे में ले गया, ''सिंह ने महिला के पति द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर कहा।

# 27 लाख रुपए की देसी शराब जब्त... दो गिरफ्तार



**ठाणे :** ठाणे जिले से राज्य आबकारी विभाग ने 26.94 लाख रुपए की देसी शराब जब्त की है और मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। ठाणे में आबकारी के अधीक्षक नीलेश सांगडे ने बताया कि राज्य आबकारी विभाग के उड़न दस्ते ने शुक्रवार को कल्याण में एक टेम्पो को रोका और सैनिटरी नैपकिन के नीचे छिपाकर कार्टन में रखी देसी शराब की 48,400 बोतलें बरामद की। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित सामान का परिवहन कर रहे साईनाथ नागेश रामगिरवार (27) और अमरदीप शांताराम फुलजीली (29) को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि जब्त शराब की कीमत 26.94 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि टेम्पो को भी जब्त कर लिया गया है जिसकी कीमत 26.2 लाख रुपए है।

## मुंबई भाजपा ने छह 'डिजिटल प्रचार रथ' लॉन्च किए



**मुंबई:** लोकसभा चुनाव से पहले, मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार ने शनिवार को दादर स्थित पार्टी मुख्यालय में छह 'डिजिटल प्रचार रथों' को हरी झंडी दिखाई। इन डिजिटल रथों के माध्यम से पार्टी छह लोकसभा क्षेत्रों में मुंबई निवासियों तक पहुंचेगी और उन्हें नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए विभिन्न विकास कार्यों से अवगत कराएगी।




# नागपुर में भाजपा के कार्यक्रम में मची भगदड़... महिला की मौत !



**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में निर्माण श्रमिकों के लिए भाजपा की ओर से शनिवार को बर्तन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भगदड़ मचने से 65 वर्ष की एक महिला की मौत हो गई और 4 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख सहित विपक्षी नेताओं ने इस घटना पर भाजपा की आलोचना की। उन्होंने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की। कोतवाली थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे रेशिमबाग क्षेत्र के कविवर्य सुरेश भट्ट सभागार में हुई, जहां भाजपा की नागपुर इकाई की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पार्टी ने महाराष्ट्र भवन व अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों को बुलाया था। इन लोगों को बर्तन और अन्य जरूरी वस्तुएं वितरित करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया था। अधिकारी ने बताया कि लोग सुबह 5 बजे के आसपास ही कार्यक्रम स्थल के बाहर इकट्ठा होने शुरू हो गए और लाभार्थियों के लिए द्वार खोले जाने तक भारी भीड़ जमा हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि जैसे ही भीड़ अंदर घुसी कुछ महिलाएं गिर गईं और उन्हें चोटें आईं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भगदड़ में मनुबाई तुलसीराम राजपूत गिर गईं और उन्हें आनन-फानन में एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि 4 अन्य महिलाओं को मामूली चोटें आई हैं।

अधिकारी ने बताया कि घटना के समय कार्यक्रम स्थल पर महिला कर्मियों समेत कम से कम 50 पुलिसकर्मी तैनात थे। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत का एक मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है। शहर भाजपा अध्यक्ष जीतेंद्र उर्फ बंटी कुकड़े ने दावा किया कि महिला की मौत भगदड़ से नहीं बल्कि दम घुटने से हुई। उन्होंने बताया कि लोग अप्रत्याशित संख्या में एकत्र हुए और वरिष्ठ नागरिक महिला गर्मी और दम घुटने के कारण बेहोश हो गई।

## दस्तावेज धोखाधड़ी मामले में वकील जगताप को गिरफ्तारी से पहले जमानत देने से इनकार



**मुंबई :** विशेष अवकाश अदालत ने विशेष लोक अभियोजक (पीपी) के रूप में उनकी नियुक्ति से संबंधित दस्तावेजों की जालसाजी के लिए कोलाबा पुलिस द्वारा बुक किए गए वकील शेखर जगताप को अंतरिम सुरक्षा देने से इनकार कर दिया है। जगताप ने अग्रिम जमानत याचिका के साथ सत्र अदालत का दरवाजा खटखटाया था और गिरफ्तारी से तत्काल सुरक्षा मांगी थी। कोर्ट ने शनिवार को सुनवाई तय की है. सरकारी वकील रमेश सिरोया ने याचिका पर आपत्ति जताई. इसके अलावा, शनिवार को सुनवाई के दौरान, यह अदालत के ध्यान में लाया गया कि एक अन्य न्यायाधीश, डॉ. स्वप्निल तौशिकर, पहले से ही एक अन्य आरोपी किशोर भालेराव, जो कानून और न्यायपालिका विभाग में कार्यरत संयुक्त सचिव हैं, की अग्रिम जमानत की याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं। इसलिए, अवकाश न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने याचिका को उसी न्यायाधीश के समक्ष रखने का निर्देश दिया, यह देखते हुए कि न्यायाधीश तवाशिकर पहले ही मामले की सुनवाई कर चुके हैं और भालेराव को अग्रिम जमानत देते हुए एक विस्तृत आदेश पारित किया है। न्यायाधीश देशपांडे ने कहा, ''उक्त आदेश स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि उसने अपना मन बना लिया है और एक ही अपराध में इस आवेदक द्वारा लगातार अग्रिम जमानत आवेदन को उसी अदालत द्वारा निपटाया जाना है।''

## बिल्डरों को सहूलियत... घर खरीदने वालों को भी लाभ, प्रीमियम में मिली छूट



**मुंबई :** महाराष्ट्र नगर विकास विभाग ने बिल्डरों की प्रीमियम पेमेंट संबंधित वर्षों पुरानी मांगों में से कुछ मांगों को स्वीकार कर लिया है। नगर विकास विभाग ने बीएमसी को बिल्डिंग की केवल सीढ़ी से ही प्रीमियम की राशि लेने को कहा है। जबकि बिल्डिंगों की दूसरी या तीसरी सीढ़ी से प्रीमियम की राशि नहीं लेने को कहा है। इसी तरह लिफ्ट पर भी लगने वाले प्रीमियम पर बिल्डरों को बड़ी राहत मिली है। अब हर फ्लोर के बजाए, एक फ्लोर के लिफ्ट के शाफ्ट के आधार पर ही प्रीमियम लेने को कहा गया है। क्रेडाई एमसीएचआई अध्यक्ष डोमनिक रोमेल ने नगर विकास विभाग के निर्णय का स्वागत किया है, लेकिन सरकार से सभी प्रकार के प्रीमियम में 50 फीसदी की कटौती करने की मांग की है। डोमेनिक के अनुसार, अतिरिक्त सीढ़ियों और लिफ्ट के प्रीमियम में छूट से हर प्रॉजेक्ट की लागत में करीब 40 से 50 लाख रुपये की बचत होगी। प्रॉजेक्ट का खर्च करने होने का फायदा ग्राहकों को मिलेगा। क्रेडाई एमसीएचआई सेक्रेटरी धवल अजमेरा के अनुसार, आपात स्थिति से निपटने के लिए 7 फ्लोर से ऊंची बिल्डिंग में दो सीढ़ियां और 70 मीटर से ऊंची बिल्डिंग में तीन सीढ़ियां होने का नियम है। 10 फ्लोर की बिल्डिंग की अतिरिक्त सीढ़ी के लिए करीब 8 लाख रुपये और 30 फ्लोर की बिल्डिंग की अतिरिक्त सीढ़ी के लिए करीब 40 लाख रुपये प्रीमियम के तौर पर जमा करानी होती थी।

### क्या है प्रीमियम पेमेंट?

महानगर में जगह की कमी होने पर डिवेलपर को कम जमीन पर अधिक कंस्ट्रक्शन करना पड़ता है। इनमें लिफ्ट, सीढ़ियां, बालकनी, स्टेयरकेस समेत अन्य शामिल होते हैं। अतिरिक्त कंस्ट्रक्शन के लिए बिल्डर को प्रशासन से मंजूरी लेनी पड़ती है। मंजूरी लेने के लिए जो रकम बिल्डर की ओर से जमा करवाई जाती है, उसे प्रीमियम पेमेंट कहते है। स्क्वायर फिट ग्रुप के निदेशक सचिन मिरानी ने उम्मीद जताई है कि सरकार प्रीमियम में दी गई छूट बीएमसी की तरह ठाणे समेत राज्य की अन्य महानगरपालिका क्षेत्र में भी जल्द लागू करेगी, ताकि इस निर्णय का फायदा पूरे राज्य को मिल सके। सचिन के अनुसार, एक प्रॉजेक्ट पर काम करने के लिए करीब 36 प्रकार की प्रीमियम जमा करना होता है।

## नवी मुंबई में मनपा के तरफ से लगाए गए ई टॉयलेट हुए बंद !




नवी मुंबई। स्वच्छ भारत अभियान मे देश भर मे प्रथम स्थान पाने के लिए नवी मुंबई मनपा के तरफ से शहर भर में ई टॉयलेट लगाए गए थे, लेकिन अब यह टॉइलेट खराब हुए पार्ट्स ओर मेंटेन्स के अभाव में बंद पड़ गए है, जिसके कारण नागरिकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मनपा के तरफ से राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 में तत्कालीन महानगरपालिका आयुक्त डॉ. रामास्वामी एन. की देखरेख में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए जोर-शोर से तैयारी की गई थी। इसके लिए महानगरपालिका अपने सभी 502 सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों को भीतर व बाहर से सजाने-संवारने के साथ ही दुर्गंध - रहित बनाने का कार्य किया गया था'खुले में शौच से मुक्त शहर (ओडीएफ डबल प्लस) की दौड़ में हिस्सा लेने के लिए नवी मुंबई महानगरपालिका को पहले से मान्यता मिल चुकी है। इसके लिए शहर भर में ई टॉयलेट भी बनाए गए। इस ई टॉयलेट के कारण विशेषकर महिलाओं को काफी फायदेमंद साबित हो रहा था। हर साल स्वच्छ भारत अभियान मे सफलता के लिए शहर के टॉयलेट पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए लाखों रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन अब इन ई टॉइलेट का हालात खराब होने के साथ ही बंद कर दिया गया है।

## अमोल कीर्तिकर को उद्धव ठाकरे ने मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से उम्मीदवार किया घोषित



**मुंबई :** महाराष्ट्र में महाविकास आघाडी (एमवीए) सहयोगी दलों में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत जारी रहने के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को अमोल कीर्तिकर को मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया। अमोल के पिता और सीट से मौजूदा सांसद गजानन कीर्तिकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना से जुड़े हैं। ठाकरे ने निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अमोल की उम्मीदवारी की घोषणा की। हालांकि, एमवीए सहयोगियों शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (शरदचंद्र-पवार) और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत अभी भी जारी है।

ठाकरे ने अपने संबोधन में गोखले ब्रिज के पुनर्निर्माण में खामी के लिए बृहन्मुंबई महानगर पालिका पर तंज कसा और बीएमसी में कथित भ्रष्टाचार को लेकर आयुक्त इकबाल चहल पर भी निशाना साधा। बीएमसी में लगभग दो वर्षों से कोई निर्वाचित निकाय नहीं है। ठाकरे ने सत्तारूढ़ भाजपा को लोकसभा के साथ विधानसभा और नगर निगम के चुनाव कराने की चुनौती दी।

## डिवाइडर से टकराया ऑटो रिक्शा... दो की मौत, तीन घायल




**भिवंडी :** भिवंडी से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। भिवंडी में शनिवार की सुबह एक ऑटो रिक्शा सड़क हादसे का शिकाय हो गया। भिवंडी में एक ऑटो रिक्शा डिवाइडर से टकरा गया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लगो घायल हो गए। इस हादसे का सीसीटीवी वीडियों भी सामने आया है, जिसमें एक तेज रफ्तार ऑटो-रिक्शा को डिवाइडर से टकराते हुए देखा जा सकता है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com